दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 26.01.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 26.01.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह द्वारा झंडारोहण किया गया, तत्पश्चात प्रो. परीक्षित सिंह द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र का वाचन करते हुए उच्च शिक्षा के उद्देश्य, शिक्षा में नवाचार तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज नये भारत की नयी तस्वीर है। यह नया भारत स्वाभिमानी व सशक्त भारत है। यह सांस्कृतिक पुर्नजागरण का दूसरा दौर चल रहा है और पूरी दुनिया हमारे वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से परिचित हो रही है। हमारा संविधान हम सभी देशवासियों को अपने अधिकारो के साथ–साथ एक नागरिक के रूप में दायित्वों को लेकर भी सजग–सचेत रहने की अपेक्षा करता है। देश में जब चुनौती आयी है तब संविधान में संशोधन भी हुआ है।

प्रो. सिंह ने आगे कहा कि संविधान सिर्फ नियमों का समुच्चय ही नही है। बल्कि जन आकांक्षाओं का भी समुच्चय है। नीति निर्माताओं ने यह प्रयास किया कि हम इस देश में सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र को भी लायेंगे। देश की एकता व अक्षुण्णता की चिंता व आश्वासन हमारा संविधान पूरी करता है। आज का दिन हमारें उन राष्ट्रवादी एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सेनानियों को याद करने का भी दिन है। इन 76 वर्षो में हमने क्या खोया व क्या पाया, इस पर विचार करने की जरूरत है। हमारे लिए संविधान सर्वोत्कृष्ट है क्योकि देश के प्रतिनिधित्व को चुनने का सम्पूर्ण अधिकार संविधान ने भारतीय जनता को दिया है। आज हम उत्पादन के साथ ही ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में भी काफी आगे बढ़े हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शीतल सिंह ने ऐ मेरे वतन के लोगों, सिमरन सिंह ने मैं रहूँ या ना रहूं भारत ये रहना चाहिए, अजय यादव व टीम ने लघु नाटिका प्रस्तुत किया एवं प्रशांत त्रिपाठी ने अपना भाषण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने एवं आभार ज्ञापन डॉ. विभा सिंह ने किया। उक्त अवसर पर आई.क्यू.ए.सी प्रभारी प्रो. परीक्षित सिंह, प्रो. अरूण तिवारी, प्रो नित्यानंद श्रीवास्तव, डॉ श्री भगवान सिंह, मुख्य नियंता डॉ. राम प्रसाद यादव सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क